जिला स्तरीय परीक्षा

# विषय : गाय धर्म और विज्ञान

## कक्षा : 6 वीं से 8 वीं

## सत्र 2025-26

## सेट– A

**प्रश्नों की संख्या : 50** **समय : 1 घंटे 30 मिनट**

**अधिकतम अंक : 50**

---

**1. ब्रह्मा जी के मानस पुत्र प्रजापति दक्ष के मुख से प्रकट होने के कारण सुरभि को शास्त्रों में क्या संज्ञा दी गई है ?**
(a) कामधेनु (b) अदिति (c) ऋषभा (d) दक्ष–कन्या

**2. समुद्र मंथन से प्राप्त वह कौन–सी गौ है जिसे 'आनंद देने वाली' माना गया है और जिसकी पूजा ऋषियों द्वारा की जाती है?**
(a) कपिला (b) नंदिनी (c) सुभद्रा (d) सुरभि

**3. भविष्य पुराण के अनुसार, गौ माता के सींगों के अग्रभाग (ऊपरी नुकीले हिस्से) में किस विशिष्ट देवता का निवास है?**
(a) इंद्र देव (b) सूर्य देव (c) अग्नि देव (d) यमराज

**4. अथर्ववेद के सूक्त 'अमृतस्य नाभिः' में गाय को किसका मुख्य केंद्र या नाभि माना गया है?**
(a) अमृत का (b) संपत्ति का (c) शक्ति का (d) अन्न का

**5. सायणाचार्य के भाष्य के अनुसार, मनुष्य की वाणी का विकास गाय की किस ध्वनि के प्रभाव से संभव हुआ है?**
(a) हम्भा (b) म्हाँ (c) हूँ (d) रंभाना

**6. महाराज नृग को किस सूक्ष्म भूल के कारण 'गिरगिट' की योनि में जाना पड़ा था?**
(a) गौ–वध के कारण (b) दान की गई गाय के पुनः दान (भ्रमवश) के कारण
(c) गाय को भूखा रखने के कारण (d) असत्य भाषण के कारण

**7. सत्यकाम जाबाल को 'प्रकाशवान' ब्रह्म का उपदेश देने वाले वृषभ (साँड़) ने उसे किस दिशा के ब्रह्म का ज्ञान दिया था?**
(a) पूर्व दिशा (b) उत्तर दिशा
(c) पश्चिम दिशा (d) दक्षिण दिशा

**8. महाराज दिलीप ने नंदिनी गौ की परीक्षा के समय स्वयं को सिंह के सामने क्यों प्रस्तुत किया था?**
(a) क्षत्रिय धर्म की रक्षा हेतु (b) सिंह को डराने हेतु
(c) गौ माता के जीवन के बदले अपने प्राण देने हेतु (d) युद्ध अभ्यास हेतु

**9. पाण्डु पुत्र सहदेव ने राजा विराट के यहाँ 'तन्तिपाल' के रूप में मुख्य रूप से क्या कार्य संभाला था?**
(a) अश्वों की गणना (b) गायों की संख्या और लक्षणों का प्रबंधन
(c) पाकशाला का निरीक्षण (d) राज्य का लेखा–जोखा

**10. महाराज जनक को किस छोटे से अपराध के कारण यमराज के द्वार तक जाना पड़ा था?**
(a) चोरी के कारण (b) दान न देने के कारण
(c) झूठ बोलने के कारण (d) चरती हुई गाय को डण्डे से मार्ग से हटाने के कारण

**11. देवी लक्ष्मी ने गौ माता के शरीर के 'गोमय' (गोबर) भाग में ही निवास करना क्यों स्वीकार किया?**
(a) क्योंकि वह स्थान सर्वाधिक पवित्र और शुद्ध है
(b) गौ माता के आदेश के कारण
(c) क्योंकि बाकी अंगों में अन्य देवता पहले से थे
(d) केवल अपनी इच्छा से

**12. इंदौर के 'आड़ा बाजार' की ऐतिहासिक घटना का मुख्य नायक कौन था जिसकी रक्षा हेतु गाय खड़ी हो गई थी?**
(a) एक बूढ़ा ब्राह्मण (b) एक गौ–वत्स (बछड़ा)
(c) एक सैनिक (d) राजा का पुत्र

**13. वैज्ञानिक दृष्टि से गौ माता की पूँछ में किसका वास होने के कारण उसे नकारात्मक ऊर्जा का नाशक माना जाता है?**
(a) सूर्य देव (b) हनुमान जी (c) अग्नि देव (d) वरुण देव

**14. दशरथ जी के पुत्रेष्ठि यज्ञ के समय अग्निदेव ने जो 'खीर' प्रदान की थी, वह किस विशिष्ट गौ के दुग्ध से बनी थी?**
(a) सुरभि (b) नंदिनी (c) सुभद्रा (d) कामधेनु

**15. वनवास के दौरान नन्दिग्राम में निवास करते समय भरत जी ने अपनी इंद्रियों को वश में रखने हेतु क्या आहार लिया था?**
(a) अन्न के साथ गौमूत्र (b) केवल जंगली कंद–मूल
(c) शहद और जल (d) केवल गौ–दुग्ध

**16. नन्द बाबा के पास 'नौ लाख' गायें होने के कारण उन्हें शास्त्रों में क्या उपाधि दी गई है?**
(a) महाराजा (b) गोपेश (c) महानन्द (d) नन्दराज

**17. भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पूजा के माध्यम से किस देवता के अहंकार को नष्ट किया था?**
(a) वरुण देव (b) इन्द्र देव (c) वायु देव (d) यमराज

**18. चीनी यात्री फाह्यान ने अपने यात्रा विवरण में भारत के किस पशु के प्रति सम्मान का विशेष उल्लेख किया था?**
(a) गाय और बैल (b) हाथी (c) घोड़ा (d) ऊँट

**19. कुस्तुनतुनीय (इस्तांबुल) के सुल्तान ने भारतीय मुसलमानों को पत्र लिखकर क्या सलाह दी थी?**
(a) व्यापार बढ़ाने की (b) युद्ध करने की
(c) नई भाषा सीखने की (d) गाय की कुर्बानी न देने और उसकी रक्षा करने की

**20. जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का प्रतीक चिन्ह 'वृषभ' किसका मुख्य संदेश देता है?**
(a) केवल शक्ति का (b) त्याग का
(c) कृषि और जीवन के आधार का (d) शांति का

**21. साहीवाल गाय का मूल उत्पत्ति स्थान 'मोंटगोमरी' वर्तमान में किस देश के भू–भाग में आता है?**
(a) भारत (b) पाकिस्तान (c) नेपाल (d) बांग्लादेश

**22. गुजरात की 'गिर' गाय को उसकी विशिष्ट शारीरिक बनावट और स्वभाव के कारण स्थानीय लोग क्या कहते हैं?**
(a) काठियावाड़ी या देसान (b) राठी
(c) सिन्धी (d) थारी

**23. केरल की 'वेचूर' गाय का नाम गिनीज बुक में किस कारण दर्ज है?**
(a) सर्वाधिक वसा वाले दूध के लिए (b) सबसे लम्बी पूँछ के लिए
(c) विशेष रंग के लिए (d) विश्व की सबसे छोटे कद की गाय होने के लिए

**24. थारपारकर गाय का प्राचीन नाम 'थारी' है, इसका मूल उत्पत्ति स्थल राजस्थान के किस जिले में है?**
(a) जोधपुर (b) बाड़मेर (c) बीकानेर (d) नागौर

**25. छत्तीसगढ़ की राजकीय पंजीकृत गौ नस्ल 'कोसली' मुख्य रूप से किस भौगोलिक भाग में पाई जाती है?**
(a) बस्तर के पठार में (b) सरगुजा की पहाड़ियों में
(c) महानदी के मैदानी भाग में (d) रायगढ़ क्षेत्र में

**26. कोसली गाय के दूध में किसकी मात्रा अधिक होने के कारण यह रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है?**
(a) इम्युनोग्लोबुलिन (b) वसा (c) लैक्टोज (d) पानी

**27. भारतीय देशी गौवंश का वह कौन–सा विशिष्ट अंग है जो सौर ऊर्जा को अवशोषित करता है?**
(a) बड़े कान (b) गलकंबल (c) लम्बी पूँछ (d) ककुद (कूबड़)

**28. देशी गाय की पीठ पर स्थित 'सूर्यकेतु नाड़ी' सौर ऊर्जा को किस मूल्यवान तत्व में बदलती है?**
(a) कैल्शियम (b) स्वर्ण क्षार (c) मैग्नीशियम (d) लोहा

**29. विदेशी नस्ल की गायों (जैसे–जर्सी/HF) के दूध को वैज्ञानिक दृष्टि से क्या कहा जाता है?**
(a) A2 दूध (b) स्वर्ण दूध (c) A1 दूध (d) अमृत दूध

**30. प्रोफेसर कीथ उडफोर्ड की पुस्तक 'The Devil in the Milk' में किस तत्त्व को स्वास्थ्य के लिए घातक बताया गया है?**
(a) BCM-7 (b) कैरोटीन (c) विटामिन D (d) आयरन

**31. देशी गाय (A2) के दूध में 'प्रोलाइन' नामक अमीनो एसिड किस स्थान पर जुड़ा होता है जिससे हानिकारक तत्व नहीं बनता ?**
(a) 15 वें स्थान पर (b) 67 वें स्थान पर
(c) 100 वें स्थान पर (d) 10 वें स्थान पर

**32. गाय के दूध का हल्का पीला रंग किस तत्व की उपस्थिति के कारण होता है जो कैंसररोधी है?**
(a) फास्फोरस (b) आयरन (c) नमक (d) कैरोटीन

**33. कैरोटीन मानव शरीर में पहुँचकर किस महत्वपूर्ण विटामिन के निर्माण में सहायक होता है?**
(a) विटामिन A (b) विटामिन C (c) विटामिन D (d) विटामिन K

**34. आयुर्वेद के अनुसार 'भैंस' का दूध किन व्यक्तियों के लिए उपयुक्त नहीं माना गया है?**
(a) पहलवानों के लिए (b) खिलाड़ियों के लिए
(c) अत्यधिक कफ और सुस्त जीवनशैली वालों के लिए (d) बच्चों के लिए

**35. पंचगव्य में प्रयुक्त होने वाला 'गौ–मूत्र' वैज्ञानिक गुणों के आधार पर किस प्रकृति का होता है?**
(a) अम्लीय (b) क्षारीय (c) उदासीन (d) मीठा

**36. गाय के दूध में पाया जाने वाला कौन–सा विटामिन 'हड्डियों' को मजबूती प्रदान करने हेतु आवश्यक है?**
(a) विटामिन C (b) विटामिन B12 (c) विटामिन D (d) विटामिन K

**37. गोबर की राख (गोमय भस्म) का मंजन के रूप में उपयोग किस बीमारी को रोकने में प्रभावी है?**
(a) पेट दर्द (b) पायरिया (c) बुखार (d) सिरदर्द

**38. यज्ञ अनुष्ठान या किसी पवित्र कार्य से पूर्व 'देह–शुद्धि' हेतु किसका प्राशन अनिवार्य बताया गया है?**
(a) शहद का (b) गंगाजल का
(c) पंचगव्य का (d) फलों के रस का

**39. अग्निहोत्र हवन हेतु किस धातु के 'पिरामिड' आकार के पात्र का वैज्ञानिक महत्व बताया गया है?**
(a) लोहा (b) तांबे का पात्र (c) स्टील (d) पीतल

**40. गोबर के उपले जलाने पर निकलने वाली 'फॉर्मल्डिहाइड' गैस का पर्यावरण पर क्या मुख्य प्रभाव पड़ता है?**
(a) प्रदूषण बढ़ाना (b) ऑक्सीजन कम करना
(c) वर्षा रोकना (d) कीटाणुओं का नाश और वातावरण की शुद्धि

**41. अनिद्रा और आधा सीसी (माइग्रेन) के उपचार हेतु नाक में घी डालने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं?**
(a) नस्य (b) वमन (c) विरेचन (d) स्नेहन

**42. पेट संबंधी गंभीर रोगों (जैसे–बवासीर, कब्ज) के लिए तक्र (छाछ) से बनी कौन–सी औषधि श्रेष्ठ है?**
(a) गौझरण अर्क (b) तक्रासव (c) गोमय भस्म (d) घनवटी

**43. गोमय भस्म को पीने के पानी में मिलाने से उसमें किस जीवनदायी गैस की मात्रा में भारी वृद्धि होती है?**
(a) नाइट्रोजन (b) हाइड्रोजन (c) ऑक्सीजन (d) हीलियम

**44. शहरी क्षेत्रों में ताजी और जहर मुक्त सब्जियाँ प्राप्त करने की पद्धति 'शाक वाटिका' का मुख्य पोषक आधार क्या है?**
(a) रासायनिक यूरिया (b) गौ–आधारित जैविक खाद
(c) कीटनाशक स्प्रे (d) विदेशी तकनीक

**45. नगरों में प्रदूषण कम करने और घर का वातावरण शुद्ध करने हेतु 'घर–घर अग्निहोत्र' का क्या लाभ है?**
(a) ऊर्जा का शोधन और ऑक्सीजन स्तर में सुधार (b) केवल खुशबू फैलाना
(c) कीड़े मकोड़े बढ़ाना (d) इनमें से कोई नहीं

**46. समाज में 'गौ–सेवा' के माध्यम से समरसता लाने का मुख्य विचार क्या कहलाता है?**
(a) आर्थिक लाभ (b) राजनैतिक जीत
(c) सामाजिक समरसता (d) व्यक्तिगत कार्य

**47. पर्यावरण संरक्षण हेतु न्यूनतम किन तीन कार्यों को करने का संकल्प पाठ्यपुस्तक में दिया गया है?**
(a) कार चलाना, बिजली जलाना, घर बनाना
(b) पानी बचाना, प्लास्टिक छोड़ना, पेड़ लगाना
(c) शॉपिंग करना, घूमना, पार्टी करना
(d) केवल भोजन करना

**48. आत्महत्या करने वाले 90% किसानों की समस्या का मुख्य कारण किस पर भारी कर्ज होना पाया गया है?**
(a) बीज और खाद पर (b) सिंचाई सुविधाओं पर
(c) गौ–पालन पर (d) ट्रैक्टर और मशीनीकरण पर

**49. गौ–आधारित 'शून्य लागत प्राकृतिक खेती' (ZBNF) का मुख्य दर्शन क्या है?**
(a) खेती की लागत न्यूनतम करना और जमीन को सजीव बनाना (b) बहुत अधिक पैसा लगाना
(c) रसायनों का अधिक प्रयोग (d) मशीनों का अधिक प्रयोग

**50. मृत गौवंश के प्रति हमारा नागरिक कर्तव्य क्या होना चाहिए जिससे वह पर्यावरण हेतु लाभकारी बने ?**
(a) नदी में बहाना (b) कसाई को बेचना
(c) समाधि देना और उच्च गुणवत्ता की जैविक खाद बनाना (d) इनमें से कोई नहीं

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/